छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

विपणन संघ

880, सिविल–लाईन्स, मुख्यालय–रायपुर (छ0ग0)

दूरभाष नंबर : 0771–2445611 फैक्स नंबर : 2426396

खरीफ विपणन वर्ष 2015–16

धान/खाद्यान्न/बारदाना एवं अन्य सामग्री के

परिवहन कार्य हेतु

ई–निविदा प्रपत्र

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित्

880, सिविल लाईन्स, मुख्यालय रायपुर (छ.ग.) 492001

धान/खाद्यान्न/बारदाना एवं अन्य सामग्री के परिवहन कार्य हेतु ई–निविदा

खरीफ विपणन वर्ष 2015–16 की विषय सूची

क्र.	विवरण	पृष्ठ क्रमांक से पृष्ठ क्रमांक तक
01	ई–निविदा से संबंधित तिथिवार जानकारी	3
02	निविदाकार से संबंधित जानकारी	4
03	उद्‌बोधन	5
04	निविदा निर्देश एवं मार्गदर्शक सूचनायें परिशिष्ठ –1	6 से 14
05	निविदाकर्त्ता का परिचय एवं विवरण भाग (क) तकनीकी लिफाफा हेतु परिशिष्ठ –2	15 से 16
06	धान/खाद्यान्न परिवहन हेतु निविदा दर भाग (ख) वित्तीय लिफाफा हेतु परिशिष्ठ –3	17 से 18
07	निविदाकर्त्ता से इकरारनामा का प्रारूप परिशिष्ठ –4	19 से 21
08	सत्यनिष्ठा संधि	22 से 30

1) निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार द्वारा हस्ताक्षर कर अपने सील अंकित की जावेगी। समस्त परिशिष्ट निविदा दस्तावेज के अभिन्न अंग माने जायेंगे।

2) समस्त निविदाकारों से अनुरोध है कि वे उक्त परिशिष्टों का गहन अध्ययन करने के उपरांत ही अपनी दरें प्रस्तुत करें ताकि उनके द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा विधिवत रूप से प्रस्तुत हो सके।

प्रबंध संचालक

कार्यालय छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
880, सिविल–लाईन्स, मुख्यालय–रायपुर (छ0ग0)

1. परिवहनकर्ता का नाम एवं पता :– .....
2. जिले का नाम :– .....

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2015–16 के लिये निविदा (ई–टेण्डर) के माध्यम से परिवहन कार्य हेतु इच्छुक परिवहनकर्ताओं से निविदायें विपणन संघ के निर्धारित ई–निविदा में आमंत्रित की जाती है :–

Seq. No.	MARKFED	Bidder	Start		Expiry		Remarks
			Date	Time	Date	Time	
1	Release Tender	-	24.11.2015	10.00	24.11.2015	17.30	
2		Bid Download	24.11.2015	17.31	15.12.2015	13.00	
3		Submit Bid Hash on line Payment of bid submission fee	24.11.2015	17.31	15.12.2015	13.00	Envelope A and Envelope C
4	Close For Bidding (Super Hash)	-	15.12.2015	13.01	15.12.2015	17.00	Envelope A and Envelope C
5		Submit Bids on line (only with encryption by department pub. Key.)	15.12.2015	17.01	16.12.2015	13.00	Envelope A and Envelope C
6		1) Physical Submission of EMD in Envelope A (by Personaly)	15.12.2015	17.01	16.12.2015	13.00	Submission of EMD & along with "Technical Bid " Envelope 'A'' by personnally accepted, not by post or any courier)
7	Open/ Evaluation Of Envelope A	-	16.12.2015	13.01	17.12.2015	14.00	Envelope A
8	Open Price/financial bid Envelope C	-	17.12.2015	14.01	17.12.2015	17.30	Envelop 'C'
9	Evaluation of price Envelope C (and information to successful bidders in negotiation)	-	17.12.2015	14.01	17.12.2015	17.30	
10		Fill Negotiate Rates (if required)	-	-	-	-	
11	View Item rate Form	-	-	-	-	-	
12	Tender Award	-	18.12.2015	10.00	18.12.2015	17.30	

नोटः–

1. ऑनलाईन निविदा भरने के पश्चात ई–निविदा से संबंधीत समस्त जानकारी निविदाकर्ता के ई–मेल आई डी में समय–समय पर उपलब्ध होगी कृपया ई–मेल आई डी मे प्राप्त जानकारी अनुसार ई–टेन्डर की प्रक्रिया पूर्ण करे।
2. ई–निविदा भरने की पूर्ण प्रक्रिया निविदाकर्ता द्वारा उक्त तालिका के बिन्दु क्रमांक 5 में उल्लेखित **Re-encryption** पूर्ण करने के पश्चात ही निविदा पूर्ण होगी।

निविदा फार्म जारी करने वाले
अधिकारी के हस्ताक्षर, नाम एवं पदमुद्रा

कार्यालय छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
880, सिविल–लाईन्स, मुख्यालय–रायपुर (छ0ग0)

धान/खाद्यान्न/बारदाना एवं अन्य सामग्री के परिवहन कार्य हेतु निविदा
खरीफ विपणन वर्ष 2015–16

1. निविदाकर्ता का नाम व पता — श्री/सुश्री.....
   पिता/पति का नाम.....
2. निविदाकर्ता के प्रतिष्ठान का नाम .....
   पूर्ण पता एवं मोबाईल नंबर .....
3. जिला एवं जिले में स्थित संग्रहण केन्द्र का नाम.....
   जिसके लिए निविदा भरी जा रही है । .....

टिप्पणी

1. निविदा खोलने के लिये निर्धारित तारीख को यदि अवकाश घोषित किया जाता है, तो निविदा अवकाश के पश्चात् अगले कार्यकारी दिवस को खोली जायेगी लेकिन निविदा खोलने के उपरोक्त दर्शाये गये समय में परिवर्तन नहीं होगा।
2. निविदा आनलाईन में ही प्रस्तुत की जावेगी एवं इसके अतिरिक्त निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर एक प्रति भरकर सीलयुक्त हस्ताक्षर कर भौतिक रूप से अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ निविदा खोलने की तिथि को संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत की जावेगी।
3. निविदा प्रपत्र विपणन संघ की वेबसाईट **www.cgmarkfed.in** पर उपलब्ध है। निविदा फार्म के लिए 2000 रूपये (समस्त कर सहित प्रति संग्रहण केंन्द्र) निविदा फीस का डी.डी. किसी अनुसूचित बैंक का जो छ0ग0 राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के नाम से देय होगा, निविदा फार्म के टेक्नीकल बीड के साथ जमा करना अनिवार्य होगा एवं बीड सबमिशन हेतु निर्धारित प्रोसेसिंग फीस चिप्स के एकाउंट में ऑनलाईन के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
4. प्रमाणित किया जाता है कि इस निविदा पप्रत्र में पृष्ठ क्रमांक 1 से 30 तक है जिसे ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है।

निविदा फार्म जारी करने वाले
अधिकारी के हस्ताक्षर
नाम एवं पदमुद्रा

जारीकर्ता कार्यालय.....
जारी दिनांक .....

उद्बोधन

प्रिय निविदाकार,

छ.ग. राज्य में शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य में कृषको से धान खरीदी छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ, द्वारा किया जाता है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में धान/खाद्यान्न/ बारदाना जिले के अंदर व जिले के बाहर परिवहन कार्य के लिए परिवहनकर्ताओं की नियुक्ति हेतु खरीफ विपणन वर्ष 2015–16 के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. इस निविदा दस्तावेज में निम्नानुसार परिशिष्ट संलग्न है :–
   - (I) परिशिष्ट '1' निविदा निर्देश एवं मार्गदर्शक सूचनाएं है।
   - (II) परिशिष्ट '2' निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण (भाग–क) तकनीकी लिफाफा हेतु।
   - (III) परिशिष्ट '3' धान/खाद्यान्न परिवहन हेतु निविदा दरे (भाग–ख) वित्तीय लिफाफा हेतु।
   - (IV) परिशिष्ट '4' निविदा कार द्वारा किये जाने वाले इकरारनामा का प्रारूप।
   - (V) परिशिष्ट '5' सत्यनिष्ठा संधि।
   - (VI) परिशिष्ट '6' ई–निविदा संबंधी दिशा–निर्देश एवं सूचनाएं।

   निविदाकार से अनुरोध है, कि इन दस्तावेजो को भली–भांति पढ़ने और समझने के बाद ही अपनी प्रतिस्पर्धात्मक दरें परिवहन कार्य हेतु निर्धारित परिशिष्ट में साफ–साफ अकों एवं शब्दों में अंकित कर ऑनलाईन प्रस्तुत करें।

2. निविदाकार सें यह भी अनुरोध है कि ई–निविदा भरने के पश्चात् निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर भौतिक रूप से जमा करने हेतु नियत स्थान पर सील सहित हस्ताक्षर करें तथा आवश्यक दस्तावेज की प्रमाणित प्रति संलग्न कर निविदा सूचना के प्रकाशन अनुसार भरे हुए निविदा फार्म संबंधित संग्रहण केन्द्र के जिला कार्यालय में निर्धारित तारीख को निर्धारित समय में प्रस्तुत किया जावें।
3. इस उद्बोधन सहित, निविदा आमंत्रण, निविदा निर्देश व मार्ग दर्शक सूचनाये, संविदा को शासित करने वाले नियम व शर्ते, निविदा दस्तावेज एवं उनमें संलग्न सभी पृष्ठ एवं परिशिष्ट आदि इस परिवहन निविदा की संविदा के अभिन्न अंग है और निविदाकार इनसे आबद्ध रहने के लिए बाध्य होगा।
4. निविदा में दरें अधिक प्राप्त होने पर निविदा के मात्र वैध प्रथम न्यूनतम दर वाले निविदाकार से निविदा दरों पर निगोि ायेसन किया जा सकेगा। यदि उपरोक्त कार्यवाही के बाद भी निविदा में युक्तिसंगत दरें प्राप्त नही हुई, तो विपणन संघ अपनी ओर से वैध निविदाकारों को क्रास ऑफर देकर दरें स्वीकृत कर सकता हैं।
5. निविदाकर्ता निविदा के साथ ही वांछित दस्तावेज (परिशिष्ट –1 के अनुसार) अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। उक्त दस्तावेज प्रस्तुत नही होने पर निविदा अस्वीकार कर दी जावेगी।
6. निविदाकार को निविदा प्रपत्र में परिचय एवं संक्षिप्त विवरण को पूर्ण रूपेण एवं फोटो संलग्न करते हुए भरा जाना अनिवार्य है। कृपया इसका विशेष ध्यान रखे। प्रत्येक जानकारी अपेक्षित विवरण के साथ पूर्ण भरा जावे।

   उक्तानुसार आपसे अनुरोध है कि संबंधित परिशिष्ट एवं दस्तावेजों का भली भांति अध्ययन कर विपणन संघ के वृहद् जनउपयोगी और व्यवसायिक कार्यो में सहभागिता के दृष्टिकोण से अपनी प्रतिस्पर्धात्मक दरें (कार्य योग्य दरे) प्रस्तुत करे।

भ्ाुभकामनाओं सहित,

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
रायपुर

परिशिष्ठ – 1

निविदा निर्देश एवं मार्गदर्शक सूचनायें

निविदाकार, जिनके द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के संबंधित जिला कार्यालय का धान/खाद्यान्न/बारदाना एवं अन्य सामग्री के परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रस्तुत की जा रही है, वे निम्नानुसार नियमों एवं शर्तों का भली–भांति अध्ययन कर लेवें। यह दिशा निर्देश तथा शर्तें निविदा स्वीकृति की स्थिति में निष्पादित की जाने वाली संविदा के भाग होंगे :–

1. निविदाकार द्वारा निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत की जावेगी।

1.2 प्रत्येक संग्रहण केन्द्र/ईकाई हेतु पृथक–पृथक अमानत राशि ली जायेगी एवं पृथक–पृथक निविदा भरी जावेगी।

1.3 निविदाकर्ता निविदा के परिशिष्ट–2 अनुसार अनिवार्य दस्तावेज की नोटरी से प्रमाणित प्रति स्केन कर ऑनलाईन संलग्न करें तथा ई–निविदा भरने के पश्चात् भौतिक रूप से संबंधित जिला कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय में प्रस्तुत करें। यह सभी दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न नहीं होने पर निविदाकार की निविदा अस्वीकार की जावेगी।

1. निर्धारित अमानत राशि का छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, (छ0ग0) के नाम से देय बैंक डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर प्रस्तुत करें।

2. रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ जिले के निविदाकार के पास स्वयं के कम से कम दस ट्रक तथा कोरबा, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया, नारायणपुर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर जिले के निविदाकार के पास कम से कम तीन ट्रक एवं शेष अन्य जिले के निविदाकार के पास कम से कम पांच ट्रक के रजिस्ट्रेशन एवं फिटनेस संबंधित दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि निविदाकार को प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा के साथ प्रत्येक जिले हेतु प्रस्तुत ट्रक संख्या एवं रजिस्ट्रेशन नं. पृथक–पृथक प्रस्तुत करना होगा। एक जिले हेतु प्रस्तुत ट्रक दूसरे जिले हेतु प्रस्तुत करना पाया जाता है, तो निविदा अमान्य की जावेगी।

3. भागीदार फर्म होने की स्थिति में भागीदार विलेख की प्रमाणित सत्यप्रतिलिपि। रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा जारी जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4. परिवहनकर्ता को अनुभव हेतु विगत दो वर्षो में (प्रत्येक वित्तीय वर्ष अनुसार) शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य संस्थाओं में निम्नानुसार राशि के कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है :–

क्र.	जिले का नाम	कार्यानुभव राशि
1	रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ	25 लाख
2	कांकेर, जगदलपुर, कवर्धा, मुंगेली, सुरजपुर, अंबिकापुर	5 लाख
3	कोरबा, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया, नारायणपुर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर	2 लाख

5. परिवहन कार्य में नियोजित श्रमिकों हेतु आंबटित पी.एफ. कोड नं. एवं विगत दो वर्ष में जमा कराये गये पी.एफ. का प्रमाण–पत्र चालान।

6. निविदाकार यदि कम्पनी है तो, उसके पार्षद सीमा नियम, पार्षद अन्तर नियमों की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं निगमन का प्रमाण–पत्र। फर्म/कंपनी की ओर से निविदा में हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का अधिकार पत्र अथवा मुख्तयारनामा नोटरी द्वारा सत्यापित।
7. आयकर स्थायी लेखा संख्या प्रपत्र एवं विगत तीन वर्षों की आयकर विवरण की सत्यप्रतिलिपि।
8. बैंक स्टेटमेंट 01 04.2014 से 31.03.2015 एवं 01.04.2015 से 31.07.2015 तक का।
9. निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित इकरारनामा। (संलग्न निर्धारित प्रारूप में)

1.4 निविदाकार को निर्धारित प्रपत्र में ही अपनी निविदा निविदाकार के इकरारनामा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

1.5 निविदाकार को निविदा फार्म भरने के पूर्व संबंधित जिले के उपार्जन केन्द्रों/भण्डारण केन्द्रों तक परिवहन करने के लिए आवागमन स्थान तथा स्थानीय परिस्थितियों के संबंध में भली–भांति अवलोकन कर आश्वस्त हो लेना चाहिये, दर स्वीकृति उपरान्त उक्त आधारों पर स्वीकृति दर में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा। निविदाकारों से अपेक्षा है कि निविदा भरने के पूर्व उपरोक्त जानकारी का भी भली–भांति अध्ययन कर लें।

1.6 निविदाकार स्वयं यह सत्यापित एवं सुनिश्चित करेगा कि उसने निविदा प्रपत्र के साथ निविदाकार का इकरारनामा एवं अन्य समस्त दस्तावेज प्राप्त कर लिया है। आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर लेने का पूर्ण उत्तरदायित्व निविदाकार का है।

1.7 निविदाकार से अपेक्षित है कि, वह संबंधित मार्ग का भी अध्ययन कर लें। यदि किसी कारणवश नियमित/प्रचलित मार्ग बंद रहता है तो परिवर्तित मार्ग से परिवहन किये जाने पर कोई अतिरिक्त चार्ज का भुगतान नहीं किया जायेगा।

1.8 संग्रहण केन्द्र/जिला कार्यालय पर अपना सम्पर्क कार्यालय और कार्यरत प्रतिनिधि रखना होगा, जिसका नाम, पता, मोबाईल नंबर, प्रमाणित हस्ताक्षर एवं छायाचित्र अनुबंध के साथ प्रमाणित कर संबंधित जिला कार्यालय को प्रस्तुत करना होगा। निविदाकर्ता द्वारा नियोजित प्रत्येक श्रमिक/कर्मचारी को भुगतान करने की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी तथा उसके भविष्यनिधि उपादान अन्य समस्त वैधानिक दायित्वों आदि के भुगतान का दायित्व भी निविदाकर्ता का होगा।

1.9 निविदाकार द्वारा प्रस्तुत तकनीकी लिफाफा सही पाये जाने पर ही वित्तीय लिफाफा खोला जायेगा।

1.10 निविदा में प्रस्तुत अभिलेखों पर निविदाकर्ता को हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

1.11 समान्यतः सभी दूरी के उपार्जन केन्द्रों से धान का परिवहन शासन द्वारा निर्धारित नितियो के तहत जिला स्तर पर कलेक्टर के अनुमोदन अनुसार किया जावेगा, इस हेतु कलेक्टर का निर्णय अंतिम होगा।

2. <u>निविदा फार्म भरने के दिशा निर्देश</u> :–

2.1 दरें :– निविदा फार्म में दी जाने वाली दरें धान/खाद्यान्न एवं अन्य सामाग्रियों के परिवहन हेतु प्रति टन प्रति कि.मी. लोडिंग/अनलोडिंग सहित होगी, बारदाने परिवहन हेतु प्रति गठान प्रति किमी. दरें अंको तथा शब्दों दोनों में सुवाच्य, स्पष्ट एवं साफ–साफ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

2.2 निविदा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक एवं समय निविदा फार्म में अंकित है। निविदा खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उसका अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकता है।

2.3 कोई भी निविदाकार एक से अधिक जिले का कार्य ले सकता है, किंतु प्रत्येक जिले हेतु निर्धारित ट्रक होना अनिवार्य होगा।

3. <u>अमानत राशि</u> :–

3.1 प्रत्येक जिले की प्रत्येक संग्रहण केन्द्र हेतु पृथक–पृथक निविदा के साथ निम्नानुसार पृथक–पृथक अमानत राशि के डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर संलग्न करना आवश्यक है, जो छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित ..... (जिला कार्यालय का नाम) के नाम से देय होगा।

क.	जिले का नाम	अमानत राशि प्रत्येक संग्रहण केन्द्र हेतु पृथक–पृथक (लाख रूप्ये में)
1	रायपुर	10.00
2	बलौदाबाजार	10.00
3	गरियाबंद	10.00
4	धमतरी	10.00
5	महासमुंद	10.00
6	दुर्ग	10.00
7	बालोद	10.00
8	बेमेतरा	10.00
9	राजनांदगांव	10.00
10	कबीरधाम (कवर्धा)	5.00
11	बिलासपुर	10.00
12	मुंगेली	5.00
13	कोरबा	0.50
14	जांजगीर	10.00
15	रायगढ़	10.00
16	जशपुर	0.50
17	अंबिकापुर	10.00
18	सूरजपुर	5.00
19	बलरामपुर	0.50
20	कोरिया	0.50
21	कांकेर	10.00
22	जगदलपुर	10.00
23	नारायणपुर	0.50
24	कोण्डागांव	0.50
25	दंतेवाड़ा	2.00
26	सुकमा	0.50
27	बीजापुर	0.50

उपरोक्त राशि का अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक संबंधित जिला कार्यालय के निविदा के साथ दर्शायी राशि के अनुसार संलग्न करना अनिवार्य है।

3.2 पूर्व कण्डिका (1.3) के अनुसार बिना वांछित दस्तावेज के प्रस्तुत निविदा को अमान्य माना जाएगा।

3.3 निविदाकार द्वारा निविदा स्वीकृति होने के पश्चात् वांछित अभिलेख एवं निर्धारित सुरक्षानिधि जमा करने में असफल होने की स्थिति में अमानत राशि विपणन संघ के हित में जप्त कर ली जावेगी। ऐसी जप्ती की सूचना विपणन संघ को पृथक से निविदाकार को देना आवश्यक नहीं होगा।

3.4 असफल निविदाकार की जमा अमानत राशि दर स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण होने पर वापस कर दी जावेगी। इस अवधि का कोई भी ब्याज विपणन संघ द्वारा देय नही होगा।

3.5 सफल निविदाकार द्वारा निविदा के साथ जमा अमानत राशि उसके द्वारा संबंधित उपार्जन केन्द्र/संग्रहण केन्द का अनुबंध न करने के फलस्वरूप जप्त होती है तो ऐसे निविदाकार विपणन संघ की किसी भी इकाई के निविदा में 3 वर्ष के लिए भाग नहीं ले सकेगें।

3.6 विगत वर्ष में शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य संस्थानों में परिवहन कार्य से प्रतिबंधित किये गये एवं परिवहन कार्य को पूर्ण नही करने के कारण उनकी जगह यदि अन्य परिवहनकर्ता से कार्य पूर्ण कराया गया हो तथा काली सूची में दर्ज परिवहनकर्ता निविदा में भाग नही ले सकेगें। इसी तरह विपणन संघ के बकायादार परिवहनकर्ता निविदा में भाग नहीं ले सकेगें, किन्तु बकायादार परिवहनकर्ता द्वारा विपणन संघ की बकाया राशि मय ब्याज के राशि जमा करने के पश्चात् निविदा में भाग ले सकेगे।

4. निविदा फार्म पर हस्ताक्षर :–

निविदा फार्म पर हस्ताक्षर कर रहा/कर रहे व्यक्तियों के लिए यह प्रमाणित करना अनिवार्य है कि, वे किस हैसियत से निविदा फार्म पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। फर्म के भागीदार फर्म होने की स्थिति में निविदा फार्म में समस्त भागीदारों के नाम का उल्लेख किया जाना है एवं निविदा पर समस्त भागीदारों द्वारा हस्ताक्षर किये जावेगें अथवा सभी भागीदारों द्वारा संबंधित भागीदार के पक्ष में जारी अधिकार पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि निविदाकार एक कम्पनी है तो उसके संचालक मंडल द्वारा पारित संकल्प की सत्यप्रतिलिपि के साथ हस्ताक्षर करने वाले संचालक के पक्ष में अधिकार पत्र जिस हैसियत से निविदाकार निविदा में हस्ताक्षर कर रहा हो उसका प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

5. निविदा निष्पादित करना :–

5.1 विपणन संघ के इकाई द्वारा जिस निविदाकार की निविदा स्वीकृत की जावेगी उसे विपणन संघ की ओर से सूचना मिलने पर तीन दिन (अधिकतम एक सप्ताह) की अवधि में निर्धारित प्रतिभूति राशि जमा कर विपणन संघ द्वारा निर्धारित संविदा प्रपत्र में रु. 50.00 (पचास रूपये) के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर वांछित कागजात के साथ विपणन संघ के जिला कार्यालय में इकरारनामा निष्पादित करना अनिवार्य होगा। इसका निर्धारित प्रारूप संबंधित जिला कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अ. फर्म/कंपनी के पंजीयन फर्म की सत्यप्रतिलिपि।

ब. आयकर रिर्टन जमा करने की सत्यप्रतिलिपि।

स. पी.एफ. का कोड नंबर।

द. फर्म/कंपनी संरचना विलेख।

इ. परिवहनकर्ता द्वारा निर्धारित कार्य के लिए नियोजित/प्राधिकृत श्रमिकों/कर्मचारियों के नाम एवं पते की सूची जिला विपणन अधिकारी को सौंपेगा।

5.2 <u>सुरक्षानिधि</u> :–

1. सफल निविदाकार को संबंधित जिले के प्रत्येक संग्रहण केन्द्र के लिये निम्नानुसार सुरक्षानिधि अमानत राशि के अतिरिक्त देनी होगी। सुरक्षानिधि किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी/एफ.डी.आर. दिनांक 30.10.2016 तक की वैधता अवधि के लिए प्रस्तुत करनी होगी।

क्र.	जिले का नाम	सुरक्षा निधी की राशि प्रत्येक संग्रहण केन्द्र हेतु (लाख रूपये में)
1	रायपुर	10.00
2	बलौदाबाजार	10.00
3	गरियाबंद	5.00
4	धमतरी	10.00
5	महासमुंद	10.00
6	दुर्ग	10.00
7	बालोद	10.00
8	बेमेतरा	5.00
9	राजनांदगांव	10.00
10	कबीरधाम (कवर्धा)	5.00
11	बिलासपुर	10.00
12	मुंगेली	5.00
13	कोरबा	5.00
14	जांजगीर	10.00
15	रायगढ़	10.00
16	जशपुर	1.00
17	अंबिकापुर	7.00
18	सूरजपुर	5.00
19	बलरामपुर	1.00
20	कोरिया	1.00
21	कांकेर	10.00
22	जगदलपुर	10.00
23	नारायणपुर	1.00
24	कोण्डागांव	1.00
25	दंतेवाड़ा	2.00
26	सुकमा	1.00
27	बीजापुर	1.00

5.3 सफल निविदाकार को निविदा स्वीकृति के पश्चात एक सप्ताह के भीतर इकरारनामा रुपये 50 (पचास रूपये) के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर वांछित अभिलेख एवं सुरक्षानिधि के साथ संपादित करना अनिवार्य होगा और ऐसा न करने पर अमानत राशि जप्त कर ली जावेगी।

6. विविध :–

6.1 निविदाकार द्वारा प्रस्तुत निविदा दरों में व्यवहारिक स्लेब (वर्केबल लीड) यथा 0–8 किमी,0–25 किमी, 0–50 किमी, 0–75 किमी, तथा 0–100 में अधिकतम लीड में न्यूनतम दर को आधार मानकर एल–1 निर्धारित किया जावेगा। एल–1 निविदाकार को निविदा में अन्य दूरियों हेतु निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर पर कार्य करने की सहमति देने पर उक्त स्लेब का कार्य भी दिया जावेगा अन्यथा अन्य स्लेब के कार्य हेतु न्यूनतम दर वाले संबंधित निविदाकार की दर स्वीकृत की जावेगी, यदि निविदा में किन्ही दो निविदाकार की दर बराबर–बराबर स्लेब में आती है तो ऐसी स्थिति में प्रथम चार स्लेब में न्यूनतम दर वाले निविदाकार को एल–1 माना जावेगा एवं यदि 2 से अधिक निविदाकार की दर बराबर–बराबर आती है, तो ऐसी दशा में जिले की कार्यशील दूरी की दरें ही एल–1 मानकर दर निर्धारण की कार्यवाही की जावेगी।

6.2 विपणन संघ द्वारा स्वीकृत निविदाकार के साथ अनुबंध रहते हुए भी अनुबंधित कार्य हेतु विभागीय रूप से भी कार्य करने पर विचार किया जा सकता है तथा निविदाकार द्वारा स्वीकृत दरों पर संतोषप्रद परिवहन कार्य नहीं करता है तो विपणन संघ के इकाईयों को यह अधिकार होगा कि वे बाजार में उपलब्ध दरों पर अन्य परिवहनकर्ता से कार्य करा लें तथा इस पर अधिक भुगतान की गई राशि निविदाकार के प्रतिभूति राशि एवं देयकों से काट ली जावे।

6.3 विपणन संघ द्वारा स्वीकृत निविदाकार के साथ अनुबंध रहते हुये भी जिला विपणन अधिकारी को यह अधिकार होगा कि जिले में परिवहन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृत न्यूनतम दरों पर किसी भी परिवहनकर्ता से परिवहन का कार्य किसी संग्रहण केन्द्र में कराया जा सकता है, इसमें अनुबंधित निविदाकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

6.4 जिले में परिवहन कार्य दृष्टिगत रखते हुए जिला विपणन अधिकारी को यह अधिकार होगा कि उपार्जन केन्द्रों का समूह बनाकर स्वीकृत परिवहन दर पर किसी भी परिवहनकर्ता से कार्य कराया जा सकता है। जिसके लिए संबंधित परिवहनकर्ता को निर्धारित प्रतिभूति जमा करा कर निर्धारित प्रारुप में अनुबंध की अनिवार्यता होगी।

6.5 किसी भी निविदा को आंि ाक अथवा पूर्ण रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार जिले के कलेक्टर/प्रबंध संचालक छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, रायपुर को होगा।

6.6 निविदाकार को निविदा में कोई शर्त सम्मिलित नहीं करनी है, क्योंकि सशर्त निविदा विचार योग्य नहीं होगा। एक बार निविदा खोलने के पश्चात् निविदाकार के द्वारा दर संबंधी प्रस्तुत की जाने वाली किसी भी आवेदन पर विचार मान्य नहीं होगा।

6.7 निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित निविदा प्रस्तुत करने का यह अभिप्राय माना जावेगा कि निविदाकार ने निविदा की सभी शर्तों एवं कार्य पद्धति कार्य की महत्ता आदि समझ ली है और उन्हें स्वीकार कर लिया है।

6.8 निविदाकार द्वारा परिवहन हेतु दरें लोडिंग/अनलोडिंग सहित शामिल कर प्रस्तुत की जाये। निविदा पर विचार कुल दर पर किया जाएगा न कि, परिवहन और लोडिंग/अनलोडिंग की पृथक–पृथक दर पर।

निविदा की तिथि में लागू सभी प्रकार के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर शामिल होगें। आयकर एवं अन्य करों की स्त्रोत पर कटौती प्रचलित नियमानुसार की जाएगी। यदि सफल निविदाकार द्वारा किसी भी प्रकार के करों अथवा अन्य वैधानिक उत्तरदायित्वों के भुगतान में अथवा पालन में लापरवाही बरती जाती है तो विपणन संघ को अधिकार होगा कि ऐसे सभी उत्तरदायित्वों को पेटे भुगतान की गई राशि की सफल निविदाकार से किसी भी प्रकार की देय राशि से वसूल कर लें।

6.9 भारत सरकार, राज्य सरकार एवं स्थानीय निकाय द्वारा प्रचलित सभी वैधानिक कर परिवहनकर्ता द्वारा देय होगा। आ ाय यह है कि निविदा दरों में उपरोक्त सभी प्रकार का कर शुल्क शामिल है।

6.10 निविदाकार द्वारा पूर्व में जमा की गयी अमानत राशि अथवा किसी प्रकार की राशि वर्तमान निविदा के लिए मान्य नहीं होगी तथा जमा की गई अमानत राशि एवं प्रतिभूति राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं दिया जावेगा।

6.11 इकरारनामा निष्पादित करते समय सफल निविदाकर्ता को सुरक्षानिधि के रूप में निर्धारित राशि निर्धारित प्रारूप में बैंक गारंटी अथवा एफ.डी.आर. संबंधित जिले के पक्ष में प्रस्तुत करना होगा, जिस पर विपणन संघ द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा।

6.12 सफल निविदाकार को संग्रहण केन्द्र से सम्बद्ध उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की सतत जानकारी सीधे खरीदी केन्द्र से लेकर धान परिवहन के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करना आवश्यक होगा, अन्यथा परिवहन के अभाव में होने वाली क्षति की वसूली संबंधित परिवहनकर्ता से की जावेगी।

6.13 जिला विपणन अधिकारी द्वारा ऑनलाईन निविदाओं को जिला स्तरीय समिति के समक्ष खोला जावेगा।

6.14 सफल निविदाकार को अनुबंध संबंधित परिवहन इत्यादि कार्य करने पर प्रत्येक सप्ताह में अपना बिल संबंधित जिला विपणन अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

6.15 परिवहनकर्ता के पास स्वयं का जिले में निर्धारित संख्या अनुसार ट्रक होना अनिवार्य है। इससे अधिक स्वयं की ट्रकों की जानकारी भी निविदा में दें। इसके अतिरिक्त जो ट्रकें उनसे संबद्ध होंगें उनकी सूची इकाई प्रमुख अथवा जिला विपणन अधिकारी जिसके क्षेत्र में कार्य किया जाना है उसे लिखित में अनुबंध के समय प्रस्तुत करना होगा तथा उन्हीं ट्रको से परिवहन कार्य कराया जावेगा।

7. संविदा की अवधि

7.1 जिस परिवहनकर्ता की निविदा स्वीकृत की जाती है, उसे स्वीकृत दरों पर खरीफ विपणन वर्ष 2015–16 के लिये परिवहन करने के लिये अनुबंध करना होगा।

7.2 निविदा 01 नवम्बर 2015 से 30.10.2016 तक वैध रहेगी। निष्पादित किये गये निर्धारित अनुबंध की अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् यदि विपणन संघ चाहे तो उसी स्वीकृत दर पर कार्य कराने हेतु तीन–तीन माह के खंड में अधिकतम 1 वर्ष तक के लिए वृद्धि की जा सकेगी, जो परिवहनकर्ता को मान्य होगी।

8. कार्मिक एवं वैधानिक उत्तरदायित्व :–

8.1 धान/खाद्यान्न उतराई छल्ली लगाने के लिए क्रमशः उतराई करने वाले, तौलाई करने वाले एवं छल्ली लगाने वाले श्रमिकों/कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था करने का उत्तरदायित्व परिवहनकर्ता का होगा।

8.2 यह आवश्यक होगा कि अनुबंध करने के पूर्व सफल निविदाकार अथवा उनके द्वारा नियुक्त श्रमिक ठेकेदार को प्रचलित सभी अधिनियमों के अधीन अनुज्ञप्ति पत्र लेकर संबंधित जिला कार्यालय में देना होगा, कार्य समाप्त होने पर सफल निविदाकार को संबंधित जिले में कर्मचारी भविष्यनिधि अधिनियम के अंतर्गत नो–ड्यूस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। उसके उपरान्त ही अमानत राशि का भुगतान हो पायेगा। यदि कार्य समाप्ति के एक माह के भीतर सफल निविदाकार द्वारा उपरोक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो अमानत राशि की बैंक गारंटी/एफ.डी.आर. राजसात की जायेगी।

8.3 समस्त श्रम अधिनियमों के अधीन परिवहनकर्ता समस्त आवश्यक अभिलेख संधारित करेगा एवं आवश्यक प्रपत्र/विवरण संबंधित अधिकारियों को समय पर प्रस्तुत करेगा और प्रस्तुत न करने के परिणामस्वरूप उद्भूत हुए समस्त दायित्वों के लिए परिवहनकर्ता स्वयं उत्तरदायी होगा।

8.4 समस्त श्रम अधिनियमों के अधीन परिवहनकर्ता का दायित्व होगा कि, वह उसके द्वारा नियोजित समस्त श्रमिकों/कर्मचारियों के लिए नियमानुसार आवश्यक समस्त सुविधाएं हित लाभ एवं व्यवस्था उपलब्ध करावें। इस संबंध में विपणन संघ का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

8.5 परिवहनकर्ता उसके द्वारा नियोजित समस्त श्रमिकों/कर्मचारियों के नाम, पता एवं फोटो विपणन संघ के जिला विपणन अधिकारी को अनुबंध के साथ कार्य प्रारंभ करने के पूर्व प्रस्तुत करें। यदि उसमें कोई परिवर्तन होता है, तो वह तत्काल जिला विपणन अधिकारी को सूचित करेगा एवं उनके द्वारा किये गये कार्य एवं व्यवहार के लिए वह उत्तरदायी माना जावेगा।

8.6 परिवहन कार्य के दौरान घटित किसी दुर्घटना का उत्तरदायित्व स्वयं निविदाकर्ता का होगा। श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 अथवा कर्मचारी भविष्यनिधि अधिनियम 1952 के अधीन समस्त राशियों का भुगतान करने का उत्तरदायित्व परिवहनकर्ता पर होगा।

8.7 यदि परिवहनकर्ता अथवा उसके द्वारा नियुक्त कर्मचारी अथवा ठेकेदार द्वारा किये गये किसी कृत्य की कोई जवाबदारी अथवा कोई भार विपणन संघ को वहन करना पड़ता है तो उस राशि को परिवहनकर्ता की जमा प्रतिभूति राशि में से अथवा उसके बिलों में से वसूल किया जायेगा।

8.8 परिवहन के दौरान आने वाले नाकों, पुलों आदि पर टोल टैक्स व अन्य शुल्क प्रभार तथा प्रचलित देय कर को परिवहनकर्ता को स्वयं वहन करना होगा, विपणन संघ द्वारा उनका कोई भुगतान नहीं किया जायेगा। आशय यह है कि स्वीकृत दर के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान देय नहीं होगा।

8.9 संबंधित जिला कलेक्टर एवं प्रबंध संचालक द्वारा प्रशासकीय व्यवस्था के तहत परिवहन कार्य में गति लाने हेतु जो भी निर्देश समय–समय पर दिये जाते है इसका पालन करना अनिवार्य होगा।

9. विवादों का निराकरण –

9.1 इस निविदा से संबंधित तथा अनुबंध से संबंधित किसी भी विषय, शर्त एवं किसी भी शर्त की व्याख्या आदि से संबंधित, इस अनुबंध के पूर्व इस अनुबंध एवं निविदा के पालन में समय अथवा उसके पश्चात् उत्पन्न हुए किसी भी विवाद को किसी पक्ष द्वारा एक मात्र आर्बीट्रेटर को उस विवाद के निराकरण के लिये संदर्भित किया जावेगा। यह आर्बीट्रेटर प्रबंध संचालक विपणन संघ या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधी होगें और उनके द्वारा दिया गया निर्णय/एवार्ड दोनों पक्षों को बंधनकारी एवं मान्य होगा।

9.2 आर्बीट्रेशन द्वारा विवादों को निपटाने के लिये की गई कार्यवाही, आर्बीट्रेशन कॉन्सिलिएशन एक्ट, 1996 (नं. 26 ऑफ 1996) के अंतर्गत होगी और ऐसे समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा।

10. व्यवहार एवं आचरण –

परिवहनकर्ता एवं उसके द्वारा नियोजित समस्त कर्मचारी/श्रमिक विपणन संघ के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से सौहार्द्रपूर्ण तरीके से सामजस्य स्थापित करते हुए परिवहन कार्यो के सुचारू रूप से संपादन में भी आवश्यक सहयोग प्रदान करेगें। परिवहनकर्ता की अथवा उसके कर्मचारियों की अथवा उसके कर्मचारियों /अधिकारियों की विपणन संघ के अधिकारियों/कर्मचारियों से झगड़ालु दबाव की मनोवृत्ति/प्रवृत्ति अथवा अभद्र अशोभनीय व्यवहार प्रदर्शित होने पर विपणन संघ के जिला विपणन अधिकारी/संबंधित अधिकारी की रिपार्ट पर विपणन संघ के प्रबंध संचालक को यह अधिकार होगा कि वे उसके अनुबंध को तत्काल समाप्त कर दे एवं उसके इस प्रकार की कृत्यों के लिये आगामी निविदाओं में उस कार्य विशेष के लिये किसी भी हैसियत से भाग लेने से वंचित कर दे एवं अन्य क्षतिपूर्ति का निर्धारण कर वसूली निर्धारित करे।

11. दण्ड :–

सफल निविदाकार द्वारा निविदा शर्तो का सही ढ़ग से पालन नहीं करने एवं अनुबंध शर्तो के उल्लंघन करने पर निविदाकार को विपणन संघ द्वारा काली सूची में आगामी दो वर्षो के लिये दर्ज किया जावेगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर

परिशिष्ठ–2

भाग – ''क''

(तकनीकी लिफाफा हेतु)

निविदाकर्ता का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण

प्रति,

जिला विपणन अधिकारी,
.....छ.ग.

महोदय,

1. हमारा/मेरा अन्य विवरण निम्नानुसार है :–

1. निविदाकार का पूरा नाम व पता .....
.....
.....

2. दूरभाष क्रमांक कार्यालय निवास .....
.....

3. निविदाकार की फर्म का स्वरूप .....
(फर्म/कंपनी/स्वामित्व/हिन्दू अविभाजित परिवार)

4. मुखिया (कर्ता) का नाम व पता .....
.....

5. यदि भागीदारी फर्म है तो समस्त भागीदारों .....
के नाम/पते (भागीदारी विलेख की प्रमाणित .....
प्रति संलग्न करें)

6. फर्म की स्थापना, पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक .....
(सत्य प्रतिलिपि संलग्न करें)

7. क. आयकर विवरणी की सत्यप्रति संलग्न करें .....
ख. आयकर स्थाई लेखा संख्या(पेनकार्ड) ..... (प्रतिलिपि भी संलग्न करें)

8. बैंकर का नाम शाखा सहित .....
(खाता क्रमांक लिखे)

9. स्वयं/फर्म/कंपनी के नाम कितने भारी .....
माल वाहन
(पंजीयन एवं फिटनेस की सत्यप्रतिलिपि वाहन का पंजीयन क्रमांक.....
संलग्न करें)

10. शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य संस्था में विगत
दो वर्षो के परिवहन कार्य का अनुभव .....

11. वर्तमान में किस शासकीय/अर्द्धशासकीय/अन्य.....
संस्था में परिवहन कार्य कर रहें, विवरण दें .....

12. विगत वर्ष में शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य .....
संस्था द्वारा परिवहन कार्य से प्रतिबंधित/परिवहन .....
कार्य को पूर्ण नही करने एवं काली सूची में दर्ज .....
किया गया है अथवा नही (हां/नही) में लिखें।

13. निर्धारित जमा की गई अमानत राशि का विवरण .....
रूपये कुल.....
बैंक ड्राफ्ट नंबर.....
बैंक का नाम.....

14. इस वित्तीय वर्ष के लिए विपणन संघ की अगर किसी अन्य निविदा में भाग लिया हो तो उसका विवरण .....
.....

15. पूर्व वर्षों में अगर विपणन संघ का कोई कार्य किया गया हो तो उसका विवरण .....
.....

16. परिवहन कार्य में नियोजित श्रमिकों हेतु आवंटित पी.एफ. कोड नं. .....
एवं गतवर्ष जमा कराये गये पी.एफ. का प्रमाण–पत्र संलग्न करें।

17. मेरी/हमारी गत वर्ष में अमानत/प्रतिभूति राशि विपणन संघ के परिवहन निविदा अंतर्गत राजसात की गई है (हां तो विवरण दें) .....
.....

18. बैंक स्टेटमेंट 01 अप्रैल 2014 से 31.03.2015 एवं 01.04.2015 से 31.07.2015 .....

19. संलग्न हस्ताक्षरित इकरारनामा

20. इस दस्तावेज के साथ संलग्न अभिलेखों की सूची
1. .....
2. .....
3. .....
4. .....

2. हमारी/मेरी निविदा फार्म में उल्लेखित की गई निविदा परिशिष्ट एक की कंडिका 7 में वर्णित स्थिति अनुसार वैध रहेगी, जिसे मानने के लिए हम/मैं बाध्य रहेगें/रहूँगा/ रहूँगीं।

3. यदि विपणन संघ द्वारा हमें/मुझे धान/खाद्यान्न/बारदाना परिवहन कार्य सौंपा जाता है तो हम/मैं निर्धारित अवधि में नियमानुसार प्रतिभूति राशि एवं बैंक गारंटी जमा करके अनुबंध करने के लिये सहमत हैं/हूँ।

4. हम/मैं इसके द्वारा घोषित करते हैं/करता हूँ कि निविदा फार्म तथा उसके साथ संलग्न परिशिष्टों में की गई प्रविष्टियां मेरे विश्वास एवं ज्ञान में सही है।

दिनांक .....

स्थान .....

हस्ताक्षर .....
नाम .....
.....
फर्म का नाम .....
पूरा पता .....
हैसियत .....
मुहर .....

नोट :– इसमें अपेक्षित विवरण स्पष्ट रूप से भरे एवं संपूर्ण कॉलम में प्रविष्टि अतिआवश्यक है, अन्यथा अपेक्षित विवरण के अभाव में निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

परिशिष्ठ – 3

सरल कमांक.....

भाग – ''ख''

(वित्तीय लिफाफा हेतु)

धान/खाद्यान्न/बारदाना एवं अन्य सामग्री परिवहन कार्य निविदा फार्म खरीफ विपणन वर्ष 2015–16

1. कार्यालय का नाम जिसके लिए निविदा दिया जा रहा है। .....
2. संग्रहण केन्द्र/ईकाई का नाम जिसके लिए निविदा भरी जा रही है। .....
3. परिवहनकर्ता का नाम, पूरा पता ..... ई–मेल, दूरभाष नंबर .....
4. अमानत राशि का विवरण राशि ..... ड्राफ्ट नंबर..... दिनांक ..... बैंक का नाम.....
5. उपरोक्त परिवहनकर्ता परिवहन टेंडर के संदर्भ में मेरे/हमारे द्वारा परिवहन हेतु निम्नानुसार दरें दी जाती हैं। दरें धान/खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री के परिवहन (लोडिंग/ अनलोडिंग सहित) हेतु प्रति टन प्रति कि.मी. एवं बारदाने हेतु प्रति गठान प्रति कि.मी. होगी।
6. उपरोक्त दर आपकी निविदा शर्तों की समस्त कंडिकाओं को मान्य करते हुए दी गई है। कार्यादेश प्राप्त होते ही तीव्रता से परिवहन कर सकूंगा एवं आवश्यकतानुसार बाहर से भी ट्रकें उपलब्ध कराकर कार्य समय–सीमा में संपन्न कर सकूंगा। यदि कार्य लिखित एवं मौखिक की सूचना मिलने पर समय सीमा के भीतर परिवहन का कार्य नहीं करता हूँ तो विपणन संघ नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। जिसमें आने वाले अतिरिक्त व्यय के लिये मैं स्वतः जवाबदार रहूँगा।
7. उपरोक्त निविदा के संबंध में यदि किसी भी प्रकार का विवाद होता है तो प्रबंध संचालक विपणन संघ या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

हस्ताक्षर

(निविदाकार)

संलग्न .....
दिनांक.....
स्थान.....

सील

निविदाकार का परिचय, संक्षिप्त विवरण एवं वित्तीय दर ई–निविदा के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्तुत करें

प्रेषक,

..... (परिवहनकर्ता का नाम)
..... (पूर्ण पता)

प्रति,

प्रबंध संचालक,
छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित,
रायपुर

प्रिय महोदय,

1. छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, रायपुर द्वारा वांछित उपार्जन केन्द्र से धान/खाद्यान्न/बारदाना एवं अन्य सामग्री परिवहन के कार्य हेतु प्रकाशित निविदा सूचना को पढ़कर हमने/मैंने जिला कार्यालय में निर्धारित राशि जमा कर निर्धारित फार्म को हमने/ मैंने निविदा के आमंत्रण में दिये गये निर्देशों/निविदा/संविदा शर्तों, नियमों तथा इसके परिशिष्ट में दिये गये विवरण को भली भांति पढ़ लिया है, उनको समझ लिया है तथा हम/ मैं उनके पालन के लिए सहमत हैं/हूँ।
2. हम जिला .....के संग्रहण केन्द्र/ईकाई का नाम..... में जिला विपणन अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा बताये गये अनुसार अन्य स्थलों पर परिवहन कार्य निम्नानुसार लोडिंग/अनलोडिंग सहित परिवहन दरों में करना स्वीकार करते हैं/करता हूँ।
   जिले का नाम ..... संग्रहण केन्द्र/ईकाई का नाम.....
   परिवहन की दरें (लोडिंग/अनलोडिंग सहित) :–

सेवा कार्य का विवरण			
क.	दूरी कि.मी. में प्रति टन प्रति कि.मी.	धान/खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री परिवहन दर (लोडिंग/ अनलोडिंग सहित) प्रति टन प्रति कि.मी.	जूट बारदाना गठान परिवहन प्रति गठान प्रति कि.मी. (लोडिंग/ अनलोडिंग सहित)
1	0 से 10 कि.मी.		
2	0 से 25 कि.मी.		
3	0 से 50 कि.मी.		
4	0 से 75 कि.मी.		
5	0 से 100 कि.मी.		
6	0 से 200 कि.मी.		
7	0 से 300 कि.मी.		
8	0 से 400 कि.मी.		
9	400 से अधिक कि.मी.		

उपरोक्त दरों में लोडिंग/अनलोडिंग की राशि सम्मिलित है।

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

परिशिष्ठ – 4

इकरारनामा

यह इकरारनामा दिनांक..... को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य की शीर्ष सहकारी संस्था है, जिसका मुख्यालय सिविल लाईन्स, रायपुर में है, जिसे आगे विपणन संघ के नाम से संबोधित किया है, कि ओर से पक्ष 01 जिला विपणन अधिकारी.....अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, रायपुर तथा पक्ष 02 मेसर्स.....की ओर से श्री..... वल्द..... जिला.....के निवासी है, जिसे की आगे परिवहनकर्ता के नाम से संबोधित किया गया है, के बीच निष्पादित किया गया है।

यह कि, परिवहनकर्ता द्वारा विपणन संघ के जिला ..... से वर्ष 2015–16 में दिनांक 01.11.2015 से दिनांक 30.10.2016 तक की अवधि को मेसर्स ..... जिला विपणन अधिकारी ..... के इकरारनामा में दर्शायी गयी दरों एवं शर्तों पर स्वीकार किया गया हैं।

यह कि परिवहनकर्ता द्वारा विपणन संघ के संग्रहण केन्द्र/उपार्जन केन्द्र/जिले के अंदर बाहर तक पहुंचाने का कार्य हेतु निम्नानुसार दर्शायी गयी दरों पर किया जावेगा और मैं/हम यह कार्य विपणन संघ की शर्तों पर करने के लिए पक्ष 02 पूर्ण सहमत है।

सेवा कार्य का विवरण			
क.	दूरी कि.मी. में प्रति टन प्रति कि.मी.	धान/खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री परिवहन दर (लोडिंग/अनलोडिंग सहित) प्रति टन प्रति कि.मी.	जूट बारदाना गठान परिवहन प्रति गठान प्रति कि.मी. (लोडिंग/ अनलोडिंग सहित)
1	0 से 10 कि.मी.		
2	0 से 25 कि.मी.		
3	0 से 50 कि.मी.		
4	0 से 75 कि.मी.		
5	0 से 100 कि.मी.		
6	0 से 200 कि.मी.		
7	0 से 300 कि.मी.		
8	0 से 400 कि.मी.		
9	400 से अधिक कि.मी.		

उपरोक्त दरों में लोडिंग/अनलोडिंग की राशि सम्मिलित है।

1. इस इकरारनामा के साथ अनुसूचित बैंक ..... (बैंक का नाम) शाखा..... से राशि रूपये.....की बैंक गारंटी/एफ.डी.आर.क्रमांक.....दिनांक.....संलग्न है और पक्ष 02 को यह ज्ञात हो कि इस पर कोई ब्याज देय नहीं है।

2. पक्ष 02 को संघ जिला कार्यालय/इकाई या उसके द्वारा अधिकृत कर्मचारी की मौखिक या लिखित सूचना प्राप्त होने पर 24 घण्टे के भीतर धान/खाद्यान्न का परिवहन संबंधित संग्रहण केन्द्रों/उपार्जन केन्द्रों से करनी होगी। इसके लिए आवश्यकतानुसार ट्रक मजदूर हमाल की व्यवस्था परिवहनकर्ता की होगी। परिवहन में हुए विलंब के कारण होने वाले डेमेज/नुकसान की संपूर्ण जवाबदारी परिवहनकर्ता की होगी। समय पर ट्रक एवं मजदूर नहीं लगने पर पक्ष 01 को अधिकार होगा कि बाजार से ट्रक मजदूर का कार्य किसी भी दर पर कार्य करा लेवें। यदि स्वीकृत से अधिक दर पर भुगतान करना पड़ता है तो अधिक दर के कारण हुई हानि (क्षति) की भरपाई पक्ष 02 तीन दिवस के अंदर नगद जमा करेगा, अन्यथा पक्ष 01 को अधिकार होगा कि, वह परिवहनकर्ता के परिवहन बिलों से कटौती करें अथवा उसकी जमा अमानत की राशि से इस राशि को वसूल करें।

3. ट्रक के साथ खाद्यान्न के लिए आवश्यक संख्या में हमालों एवं मजदूरों के प्रावधान (व्यवस्था) करने की जिम्मेदारी पक्ष 02 की होगी, हमालों का भुगतान पक्ष 02 द्वारा किया जायेगा। पक्ष 01 किसी भी प्रकार का हमाली भुगतान नहीं करेगा।

4. यदि पक्ष 02 के द्वारा ट्रक में परिवहन के लिए लोड किया गया पक्ष 01 का स्कंध निर्धारित समय के अंदर गन्तव्य स्थान पर नहीं पहुंचाया जाता है या सही हालत में नहीं पहुंचता है, अथवा अन्य प्रकार की हानि होती है तो वह हानि पक्ष 02 द्वारा पक्ष 01 को तीन दिवस के अंदर देय होगी। पक्ष 01 को यह अधिकार होगा कि वह हानि की राशि की वसूली अमानत राशि/सुरक्षानिधि की राशि में से अथवा पक्ष 02 के लंबित बिलों से विधि अनुसार की जावेगी।

5. पक्ष 01 द्वारा पक्ष 02 को प्रदत्त स्कंध पक्ष 01 द्वारा निर्धारित स्थान एवं अधिकृत प्रतिनिधि को ही पक्ष 02 द्वारा देना होगा और सील व हस्ताक्षर सहित पावती लेनी होगी।

